सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा सीमान्तर्गत निवासित अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि सदस्य सचिव एकल सदस्यीय समर्पित आयोग उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक 41/168(1)/IX-PN/एकल सद0पि0वर्ग आ0/2022 दिनांक 30–09–2022, द्वारा स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण कार्य कराये जाने के निर्देश के क्रम में नगर सीमान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के निवासी व्यक्तियों के सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण करा लिया गया है। जिसकी सूची जन सामान्य के अवलोकनार्थ कार्यालय के कक्ष संख्या–23 में उपलब्ध है। सर्वेक्षण सूची में किसी हितबद्ध व्यक्ति के नाम की प्रविष्टि सम्मिलित अथवा संशोधित की जानी है तो वह दिनांक 20–07–2023 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा में मय साक्ष्य सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि उपरान्त प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र में विचार नही किया जायेगा।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा

(प्रकाश चन्द्र जोशी)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा

कार्यालय नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा
पत्रांक 703/30–1(2023–2024) दिनांक 10 जुलाई, 2023

प्रतिलिपिः– निम्नांकितों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित्।

1– सदस्य सचिव/अपर सचिव, एकल सदस्यीय समर्पित आयोग, उत्तराखण्ड देहरादून।
2– निदेशक, शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3– जिलाधिकारी, अल्मोड़ा।
4– संवाददाता अमर उजाला समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना शासकीय दरों पर न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 6×6 वर्ग से0मी0 स्थान में प्रकाशित कर समाचार पत्र की दो प्रतियॉ बिल सहित जिला सूचना अधिकारी अल्मोड़ा से सत्यापन उपरान्त इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5– कर निरीक्षक, नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा को इस आशय से कि उपरोक्त सूचना पालिका वेबसाइट में प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा।